INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
अनुच्छेद	Topic: मेरा प्रिय त्योहार- दिवाली	Note: Pl. write in your note book

मेरा प्रिय त्योहार- दीपावली

भारत में विभिन्न प्रकार के त्योहार मनाये जाते हैं – जैसे ईद,होली,दिवाली, ओणम,क्रिसमस, दीपावली आदि। दीपावली मेरा सबसे प्रिय त्योहार है। दिवाली आने से पहले बाजारों में रंग- बिरंगे दिये, फुलझड़ी और अन्य प्रकार के पटाखे दिखाई देते हैं। बच्चे कुछ दिन पहले से ही पटाखे खरीदने लगते हैं। सभी लोग दिवाली के लिए खरीदारी करने के लिए बाजारों में पहुँचते हैं। इसलिए बाजार में काफी भीड़ दिखाई देती है।

दिवाली का पर्व हर साल (अक्टूबर या नवंबर) कार्तिक माह की अमावस्या को मनाया जाता है।माना जाता है, श्रीराम राक्षस राज रावण का वध करने के बाद जब चौदह वर्ष का वनवास पूर्ण कर अयोध्या आए तो , लोगों ने घी के दीपक जलाए थे। दिवाली के दिन आज भी घी के दीपक जलाते हैं।

दिवाली से कुछ दिन पहले ही सभी लोग अपने घरों में साफ-सफाई करते हैं। दीपावली के दिन सभी लोग बच्चे व बड़े नए कपडे पहनते हैं। इस दिन सभी दफ्तरों, स्कूलों आदि की छुट्टी होती है । सभी लोग अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और पड़ोसियों को मिठाई बाँटते हैं । इस दिन सभी लोग बहुत ही खुश नजर आते हैं। रात के समय सभी लोग अपने घरों में माता लक्ष्मी और गणेश जी की पूजा करते हैं। घर में दीपक जलाकर घर को पूरी तरह से रोशन किया जाता है। इस दिन चारों तरफ़ दीपक जगमगाते हैं। बच्चे मिठाई खाते और पटाखे जलाते हैं तथा खुशी- खुशी दिवाली का त्योहार मनाया जाता है।